
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी थानखम्हरिया नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, विधि और रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट ...

10 खनिज न्यास की राशि का उपयोग पेयजल...


## खबर संक्षेप

### आईटीआई में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम हुआ



**बालोद।** वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव स्मृति का कार्यक्रम का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में किया गया। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा ने बताया कि जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान का जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम पर विभिन्न आयोजन हुए। आयोजन में विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत संदस्य होरी लाल रावटे, मुख्य अभ्यागत पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा टेकराम भण्डारी, तथा विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू सहित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा के समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।

### कंवर चौकी पर शांति समिति की बैठक

**गुरूर।** चौकी कंवर में शांति समिति का मीटिंग हुई। चौकी कंवर प्रभारी लता तिवारी के साथ क्षेत्र के नागरिक व यादव समाज के लोग उपस्थित थे। जिसमें दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समझाइश दी गई। डांग डोरी आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

### मातर उत्सव पर होगी कबड्डी व चौसर स्पर्धा

**बालोद/निकुम।** सुभाष नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी खुर्सीपार के तत्वावधान में 4 नवम्बर को पांरपरिक राउत नाच कर मातर उत्सव में दोपहर 2 बजे कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता होगी। इसमें कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय 7001 रुपये, तृतीय 5001 रुपये व चतुर्थ 3001 रुपये व ट्राफी व चौसर में प्रथम पुरुस्कार 7001 रुपये, द्वितीय 5001 रुपये, तृतीय 3001 रुपये व चतुर्थ 2001 रुपये चौसर विजेताओं को दिया जायेगा। विदित हो कि अंचल में खुर्सीपार में मातर उत्सव की अलग ही पहचान है। वहीं रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाचा जय हिंद नाच पार्टी कटोरी कबीरधाम की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख नोखे बेलचंदन ने दी।

कार्रवाई : आरोपियों से 32,720 रुपए, घटना में प्रयुक्त बाइक व 3 लोहे के औजार बरामद

# हार्डवेयर की दुकान में चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

साजा नगर में बीते तीन दिनों जैन हार्ड वेयर दुकान में लगभग 5 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। उक्त चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली।

■ साजा नगर में हुई चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता

चोरी की घटना पर एसपी रामकृष्ण साहू ने गंभीरता से लिया था ओर गस्त ड्यूटी पर लापरवाही बरतने पर उप निरीक्षक सोनकर को निलंबित कर दिया गया था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया थाना साजा एवं सायबर सेल पुलिस टीम ने 03 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक नाबालिक बालक भी शामिल है। चोरी के मामले में 32,720 रूपये नगद व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, 03 नग लोहे के औजार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि इस मामले फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। दरअसल 21 अक्टूबर को जितेन्द्र जैन उम्र 51 साल निवासी वार्ड नंबर 14 साजा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह जैन स्टोर्स दुकान का मालिक है 20 अक्टूबर की रात्रि 08 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। अगली सुबह 06 बजे उनका छोटा भाई दुकान में जाकर देखा तो दुकान का ताला टुटा हुआ और सटर खुला था। फिर दुकान के अंदर जाकर देखा तो दराज का लाक टुटा हुआ था। दराज में रखे नगदी रकम करीबन 4,75,000 रूपये व 03 नग मोबाईल नही था। मामले में धारा 305 (क), 331 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** उपरोक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विजेन्द्र सिंह, लोकेश सिंह, आरक्षक जयकिशन साहू, नुरेश वर्मा, मोतीलाल जायसवाल, राजेश ध्रुव, रामअनुज जायसवाल, पंचराम घोरबंधे, सौरभ सिंह, पीयुष सिंह, अमित सिंह व अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

### पूछताछ में आरोपियों ने कबूला जुर्म

पुलिस ने बताया कि चोरी के मामले में विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के अधार पर संदेहियों एवं आसपास के लोगों व आसपास के ग्रामों में पूछताछ की गई। डॉग स्काड टीम को बुलाया गया। गठित टीम का मौके पर लगातार बने रहने एवं पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी व साक्ष्य के अधार पर संदेहियों एवं आसपास के ग्रामों आदि के यहां लगातार पुलिस के पूछताछ करने से दबाव बना। इसी दौरान आरोपी संजय ठाकुर उम्र 22 साल निवासी खैरी, गणेश नवरंगे उम्र 22 साल निवासी बनरांका एवं एक नाबालिक को उक्त चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# कलेक्टर ने राज्योत्सव तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने देर शाम कलेक्ट्रेट की दिशा सभाकक्ष में तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने राज्योत्सव आयोजन को लेकर सभी तैयारियाँ गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये।उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति भी गठित कर दी गयी है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल को बनाया गया है।वही एडीएम प्रकाश भारद्वाज और एसडीएम बेमेतरा घनश्याम तंवर सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम बेसिक मैदान में आयोजित होगा। बैठक के बाद कलेक्टर शर्मा जिले के अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल बेसिक स्कूल मैदान पहुँचे जहां राज्योत्सव पर आयोजित समारोह की मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी स्टाल, फ़ूड स्टाल, बैठक व्यवस्था कहां और किस प्रकार रहेगी उसके निर्देश दिये। वाहन पार्किंग, नागरिकों, अतिथियों के प्रवेश आदि की भी जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल एडीएम प्रकाश भारद्वाज अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी और एसडीएम बेमेतरा घनश्याम तंवर सहित अन्य ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे मतदाता



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य शुरू हो चुका है नगरीय क्षेत्र मे अब अंतिम तिथि 30 अक्तूबर कर दी गयी है वहीं ग्राम पंचायतो में भी 30 अक्टूबर शाम 03 बजे दावा आपत्ति निर्धारित प्रारूप मे नियत तिथि तक जमा किये जा सकेंगे। आसंन्न नगर पंचायत हेतु नगर मे चल रहे दावा आपत्ति कार्य मे इस बार मतदाता व राजनीतिक पार्टियां रूचि नही दिखा रहे है इसका सबसे बङा कारण है की 1 जनवरी 2024 की स्थिति मे 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पा रहा है तथा विधानसभा के मतदाता सूची से गायब हुए मतदाताओं का नाम भी नगर पंचायत निर्वाचन नामावली मे नही जुड़ना है इसलिए अब चाह कर भी लोग दावा आपत्ति नहीं कर पा रहे हैं।इधर प्राप्त कुछ दावा आपत्तियों के निराकरण के लिए स्थल निर्धारित नहीं करने से लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है।

■ ग्राम पंचायतों में भी शुरू हुई दावा–आपत्ति

गौरतलब है कि नगर पंचायत थान खम्हरिया के सभी 15 वार्ड के मतदाता सूची का आकलन किया जाय तो प्रत्येक परिवार के कोई ना कोई सदस्य का नाम या तो गायब है या फिर वार्ड परिवर्तित है जिसे खोजना भी मुमकीन नहीं है। ऐसे में नगर के लगभग 600 से 700 मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते है। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी के पास भी कोई ठोस उपाय नहीं दिख रहा है। इधर तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुई मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य मे भी लगभग नगरीय निकाय जैसे समस्याएं आ रही है। यहां भी नये मतदाताओ का नाम नहीं जुड़ पायगा। वहीं विधानसभा निर्वाचन नामावली में गायब हुए मतदाताओं का नाम भी सम्मिलित नहीं हो पायगा। मतदाता सूचियों में हुए भारी गड़बड़ी को सुधारने अब तक उक्त कार्य में लगे अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं जिससे मतदाता निराश है।

वहीं मतदाताओं की संख्या कम होने से भी चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। मतदाता सूची मृत व्यक्तियों के नाम सालों से जुड़ा हुआ है। जबकि मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ परिजन आवेदन कर चुके हैं। वहीं प्रकाशित मतदाता सूची में भी लोग मृत व्यक्ति के नाम आपत्ति कर रहे हैं। लेकिन पेशी स्थल निर्धारित नहीं होने से निराकरण नहीं हो पा रहा है।

# निर्वाचक नामावली का वाचन 26 और 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार व पुनरीक्षण के लिए आयोग द्वारा दो चरणों में कार्यक्रम एवं तिथियां निर्धारित की गई है। निर्देशानुसार द्वितीय चरण में दिनांक 24 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे आपत्तियां प्राप्त करने से लेकर दिनांक 29.11. 2024 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर 2024 को ग्रामसभा का आयोजन किया जाकर निर्वाचक नामावली का वाचन कराकर, इसकी शुद्धता की गहन जांच व परीक्षण कराया जाएगा तथा निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाया जावे। निर्वाचक नामावली वाचन के संबंध में ग्राम सभा का कार्यवाही विवरण तैयार कराया जाएगा।

# परेड सिखाता है अनुशासन : एसपी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस का जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान सभी को कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया। साथ ही कहा कि परेड अनुशासन सिखाता है तथा परेड़ में अच्छी गणवेश धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारी को पुरस्कृत भी किया गया। जिले के थाना, चौकी, रक्षित केन्द्र एवं अन्य शाखा को आबंटित शासकीय वाहनों एवं ड्रायवर टूल कीट, क्वाटर गार्ड, शस्त्रागार शाखा (आर्मोरी) का निरीक्षण किया और वाहनो के रख-रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

■ पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस का जनरल परेड़ का निरीक्षण



एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। साथ ही प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# प्रधानपाठक सुधीर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बहेरघट, संकुल केंद्र डंगनिया व विकासखंड बेरला के प्रधानपाठक सुधीर कुमार साहू को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार उत्कृष्ट प्रधान पाठक सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार का आयोजन शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग के मंथन भवन में आयोजित किया गया था। उत्कृष्ट प्रधान पाठक ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोढ़ी निवासी धर्मेंद्र बैस ने सुनील तथा अनिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि सुनील किसी अन्य के साथ शराब पीकर उसके चाचा के साथ विवाद कर रहा था। विवाद होने की जानकारी मिलने पर वह सुनील को समझाने के लिए गया। इस बात से नाराज होकर सुनील ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर धर्मेंद्र के साथ मारपीट की।

### जुआ खेलते देख रहे भाइयों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनू गुप्ता ने चंदन साहनी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ राजीव नगर गया था। एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेल रहे थे, जिसे दोनों भाई देखने के लिए पहुंच गए। इस बात से नाराज होकर चंदन ने सोनू तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। और मौके पर उपस्थित चंदन के साथियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की।

## पेज 9 के शेष

### परेड सिखाता है ...

एक्टिविटी करने को कहा। जनरल परेड़ के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ ही साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना व चौकी के अधिकारी व कर्मचारी परेड़ में शामिल हुए।

### प्रधानपाठक सुधीर ...

सम्मान से सम्मानित होने पर प्रधान पाठक सुधीर कुमार साहू को उनके स्कूल के शिक्षकों सहित संकुल डंगनिया ब के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा, मिडिल स्कूल बहेरघट के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार वर्मा, स्टाफ के शिक्षक गण इकेश साहू, लक्ष्मी नारायण पांडेय, मुकेश देवांगन, प्रमोद दास मानिकपुरी, नीलम साहू, मुकेश्वरी साहू, शारदा मिश्रा आदि शामिल रहे।

**बैठक : जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक**

# खनिज न्यास की राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद भोजराज नाग, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला पंचायत के अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा सहित पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सचिव डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारियों के अलावा सदस्य एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

■ कार्यों में गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक: सांसद

बैठक में सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों ने राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए करने पर जोर दिया।

बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए कुआं, तालाब आदि का निर्माण निर्धारित स्थान पर ही कराए जाए। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान की राशि आवश्यकतानुसार जिले के सभी क्षेत्रों के लिए आवंटित की जाएगी।



### विधायकों ने भी राशि उपयोग के लिए दिए सुझाव

बैठक में विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने भी जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि के उपयोग के संबंध में अपने सुझाव दिए। कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि का उपयोग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्था के राशि का उपयोग जिले के जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए किया जाएगा।

### 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधानः पूजा

बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान की नोडल अधिकारी पूजा बंसल ने जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत विगत वर्षों के कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला खजिन न्यास संस्थान के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं।

### उच्च व अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र

नोडल अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यों के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा।इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सर्वाजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

## राष्ट्रपति ने ईशा को दिया गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नवागांव सुरपा निवासी सोनराज जैन की पोती ईशा जैन पिता कांतिलाल जैन को एनआईटी रायपुर के 14 वे दीक्षांत समारोह रायपुर में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि ईशा जैन बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन बायोमेडीकल इंजीनियरिंग में 2023 में एनआईटी रायपुर पास आउट हुई थी। विदित हो कि ईशा जैन इन दिनों छत्तीसगढ़ से बाहर अपनी सेवाएं दे रही है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने बताया कि सरलता मानवता का आभूषण है। ईशा जैन ने कहा कि पिता माता घर परिवार का संस्कार और सपोर्ट ने म न मा फि क मंजिल पाने में जो मदद की है। वह तो जीवन कृतज्ञता का विषय है। उन्होंने कहा संतान कितनी भी ऊंचाई छू लें, माता पिता की छत्र छाया तले ही वह उम्दा ढंग से फल फूल खिली रह सकती है। ईशा ने कहा कि गांव और शहर से हम सबका गहरा नाता है। गांव में खेत खलिहान है शहर में कारोबार है। हम सौभाग्य शाली है गांव की सरलता और शहर का मार्डन कल्चर दोनों को फेश करने में कोई परेशानी नहीं आती। ईशा ने कहा कि सरलता किसी आभूषण से कम नहीं होती। ईशा जैन के पिता कांतिलाल जैन ने कहा कि ईशा बचपन से पढ़ाई में कुशाग्र है।संस्कार की प्रबल पक्षधर बिटिया को पढ़ाई में आगे बढ़ने में परिवार के सभी सदस्यों का हर पल सहयोग निरंतर मिला। बेटी की मेहनत रंग लाई परिवार को गौरांवित किया।

■ एनआईटी रायपुर के 14 वे दीक्षांत समारोह

## जनजाति समाज का इतिहास है गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय आईटीआई में जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जनजातीय समुदाय की संस्कृति, उनकी उपलब्धियों और उनके योगदान को सम्मानित करना है। यह दिवस जनजातीय समुदाय के अधिकारों और हितों को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया गया।

■ नगर के आईटीआई में आयोजित किया गया जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव

इसमें मुख्य अतिथि होरीलाल रावटे जिला पंचायत सदस्य ने जनजातीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि को सम्मानित करने के लिए एवं शिक्षा जागरूकता पर संबोधित किया। मुख्य अभ्यागत टेकराम भंडारी पूर्व महामंत्री हल्बा हल्बी केंद्रीय महासभा छत्तीसगढ़ जनजातीय समुदाय के योगदान को पहचानने और सम्मानित करने के लिए जैसे कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को पहचानने की बात कही। अध्यक्षता आर के कुर्रे प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू ने आदिवासी नायक रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, कंगला मांझी के योगदान के बारे में बताया। संस्था में जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव के अंतर्गत जनजाति समाज को सम्मानित करने के लिए रंगोली, भाषण, कविता, पौधारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी पीएल साहू, सेबिया साहू एवं वरुण कुमार साहू द्वारा किया गया।





इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक जीआर ठाकुर, प्रशिक्षण अधिकारी सीके देशमुख, ओपी देवांगन, निर्मला गायकवाड, डीआर मढरिया, संजय कुमार भगत, शीतल कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, गुलाब कुर्रे, पूजा देवांगन, एस सोनी, आरके कोसले, नीरज यादव, वासुदेव देवांगन, इश कुमार, सुजीत कोरेटी, मनोहर लाल, आरके नायक, सारथी, ओपी बारले, सिंपा बर, योगेश कुमार, अंकित रात्रे, निर्देश कुमार, राम कुमार साहू, संतुलाल ठाकुर, सोहन निषाद, खिलानंद ठाकुर, आशीष साहू, रामेश्वर एवं अन्य समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ और उप अभियंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लगातार वार्डों का निरीक्षण की हिदायत दी जा रही है। वार्ड निरीक्षण की इस कड़ी में अशोक चौबे मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उमयंती ठाकुर उप अभियंता नगर पंचायत द्वारा शुक्रवार को प्रातः 7 बजे समस्त सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड 11 तहसील परिसर के पास स्थित शौचालय में पानी की व्यवस्था के लिए बोर खनन, शौचालय का रंग रोगन, शीट मरम्मत आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया, वार्ड 1 शिव मंदिर के पास स्थित शौचालय में भी रंग रोगन शीट मरम्मत टाईल्स मरम्मत आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। वार्ड 1 में निर्माणाधीन सीसी रोड का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड 11 पैथोलाजी लैब के पास स्थित शौचालय एवं प्रगति स्कूल के पास स्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड 14 में निर्माणधीन नाली का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाली के समीप मिट्टी के ढेर को उठाने के लिए निर्देशित किया गया।

वार्ड 12 में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार कर्मचारियों द्वारा नालियों में फिनाइल का छिड़काव किया गया। प्रतिदिन साफ-सफाई करने स्वच्छता प्रभारी को निर्देशित किया गया तथा मटन मार्केट का निरीक्षण के दौरान नल कनेक्शन लगाने प्लम्बर को निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड 7 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत आवासों का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव होगा पटेल मैदान में 5 नवंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में 5 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में राज्योत्सव समारोह के आयोजन सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में राज्योत्सव समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें। राज्योत्सव समारोह स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग, जिला पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, सी.एस.एस.डी.ए. विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला पंचायत एन.आर.एल.एम., पशु चिकित्सा विभाग, शक्कर कारखाना, खादी ग्रामोद्योग हथकरघा, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, जिला अंत्यावसायी विभाग, नगरपालिका परिषद बालोद, वन विभाग एवं जनसम्पर्क विभाग को सौंपी गई है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूषण साहू पिता संतराम साहू निवासी ग्राम बिरझापुर तहसील धमधा जिला-दुर्ग के द्वारा ग्राम परपोड़ी प.ह.न. 06 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 730/5 रकबा 0.024 हे./2610 वर्गफीट भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2). (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 7/11/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व साजा
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

समस्त जिले वासियों को
शुभ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

दीपावली पर्व है
खुशियों का उजालों का मां लक्ष्मी का
इस दीवाली आपकी जिंदगी खुशियों से भरी हो,
दुनिया उजालों से रोशन हो,
घर पर मां लक्ष्मी का आगमन हो...

GOEL TMT
AAPKE GHAR KO DE LAMBI UMAR

KAMDHENU GROUP

GK TMT

UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice




# आदित्य एजेंसी

छड़ एवं सीमेंट के विक्रेता, अल्ट्राटेक सीमेंट डीलर


मो.: 9425551750, 7773838750

आदित्य एजेंसी मंडी कॉम्पलेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा

देवी महालक्ष्मी की कृपा से आपके घर में हमेशा उमंग और आनंद रौनक हो
इस पावन अवसर पर आप सबको दीपावली के इस पावन पर्व पर आप सभी को

शुभ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



# सरस्वती स्वीट्स

दुर्ग रोड, बेमेतरा, मो. 94255551750, 7773838750



देवी महालक्ष्मी की कृपा से आपके घर में
हमेशा उमंग और आनंद रौनक हो
इस पावन अवसर पर आप सबको
दीपावली के इस पावन पर्व पर

जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

शुभ दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...



# गिरधारी लाल चांडक

## अनाज के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

पालिका बाजार काम्प्लेक्स, नया बस स्टैण्ड, कवर्धा रोड, बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणीय एवं न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 26 अक्टूबर को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) में रखी गई है। बैठक मे अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। उक्त बैठक में तहसील पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### महाविद्यालय में जनजातीय समाज का कार्यक्रम आज

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड के शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत एवं उनके ऐसिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोण्डवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में हल्बा समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के सहवक्ता के रूप में वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित रहेंगे।

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन जारी

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 31 दिसम्बर तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 1 नवबंर से 15 जनवरी एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 1 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक की जा सकती है। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2024–25 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## निधन

### दल्लू राम यादव

**नवागढ़।** पड़कीडीह अंधियारखोर निवासी दल्लू राम यादव उम्र 50 वर्ष का बुधवार रात निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्ति में संपन्न हुआ।



अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिवारिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए है। वे पत्रकार रोशन यादव और रवि यादव के पिता थे।






**नई परंपरा :** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायकों की स्मृति में अभिनंदन समिति का आयोजन

# चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, विधि और रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में अभिनंदन समिति ने शुक्रवार को नई परंपरा की शुरुआत करते हुए सन-1952 से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे दिवंगत पूर्व विधायकों की स्मृति में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि , विधि एवं रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का गरिमामय समारोह में माहेश्वरी भवन में सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रभारी ब्रम्हचारी डॉ. इंदूभवानंद रहे। अध्यक्षता प्रख्यात भाषाविद चितरंजन ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पूर्व विधायकों के परिजनों का सत्कार से किया गया। दिवंगत पूर्व विधायक गंगाधर राव यादव तामस्कर, पं. लक्ष्मण प्रसाद वैद्य, रेवेंद्र सिंह वर्मा, महेश तिवारी, डॉ. चेतन वर्मा के कार्यों का उल्लेख करते हुए उनका जीवन परिचय प्रस्तुत कर नमन किया गया । उसके पश्चात पार्षद मनोज शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। संचालन सुनील झा, आभार प्रदर्शन दिनेश पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बासु बंधु दीवान सुजीत शर्मा विकास शर्मा बलवंत साहू पुष्कर अवस्थी सुमन गोस्वामी चंद्र प्रकाश मुंदड़ा अरुण राठी नितेश शर्मा दीपक मोटवानी थानेश्वर साहू अजय मिश्रा। धर्म यादव रविंद्र कुर्रे विजेंद्र वर्मा प्रमोद ठाकुर हरीश अग्रवाल सीताराम यदू श्री राम यदू ज्ञानेश्वर तिवारी मनोज मिश्रा गोलू साहू शिवम तिवारी सहित नागरिक मौजूद रहे।



### क्षेत्र के इन विशिष्ट व्यक्तियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के उन व्यक्तियों का सम्मान किया गया जिन्होंने अपने कार्य से एक पहचान बनाई और कुटुंब भव के सिद्धांतों पर चले । वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित राम वर्मा को पूर्व विधायक स्व. गंगाधर राव यादव तामस्कर की स्मृति में सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक स्व.पं. लक्ष्मण प्रसाद वैद्य की स्मृति में सेना के रिटायर्ड कैप्टन मनमोहन बाजपेई ओर पूर्व विधायक स्व.रेवेंद्र सिंह वर्मा की स्मृति में नरसिंह वर्मा का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक स्व. महेश तिवारी की स्मृति में पूर्व शिक्षक सी. पी.तिवारी एवं पूर्व विधायक स्व डॉ चेतन वर्मा की स्मृति में डॉ बांके प्रसाद तिवारी का मुख्य अतिथियों ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायकों के परिजनों ने मुक्त कंठ से इस आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम समिति के सदस्य संतोष सिंह राजपूत, लेखमणी पाण्डेय, शत्रुहन साहु ,डोसन साहु ,सुमन गोस्वामी ने पूर्व विधायकों का जीवन परिचय बताया

**आयोजन समाज को नई दिशा देने वाला : ब्रह्मचारी इंदुभवानंद:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी डॉक्टर इंदु भवानंद ने अपने संबोधन में इस आयोजन के लिए अभिनंदन सम्मान समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से क्षेत्र के नौजवानों में नई ऊर्जा भरेगी। अपने पूर्व जनप्रतिनिधियों को जानने अच्छा प्रयास है। सही मायने में यह समाज को नई दिशा देगा। ऐसा आयोजन समाज को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

### ये राजनीतिक नेता ही नहीं, समाज को भी नई दिशा दीः चितरंजन कर

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात भाषाविद चितरंजनकर ने कहा कि यह आयोजन सही मायनों में इसलिए भी आकर्षण का विषय रहा है कि क्योंकि इस क्षेत्र के नागरिक आज भी अपने पूर्व प्रतिनिधियों का स्मरण करते हुए उनके स्मृति में अनेक विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर रहे हैं। हम सब सम्मान पाने वाले परिजनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई देते हैं कि ऐसे कार्यक्रम और भी होता रहे ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारे पूर्वजों को पहचानने लगे। उन्होंने कहा जिनकी स्मृति में यह सम्मान दिया जा रहा है वह केवल राजनीतिक नेता ही नहीं बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले भी रहे हैं। दिवंगत होते हुए भी उनकी स्मृति में सम्मान करना उनकी अमरता की निशानी है ।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास संघर्ष, साहस और समर्पण का है प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. वीना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

- शासकीय महाविद्यालय में सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर व्याख्यान

इस अवसर पर मुख्य वक्ता लवन सिंह कंवर सहायक प्राध्यापक हिन्दी शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कबीरधाम रहे। मुख्य वक्ता श्री सिंह ने बताया कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली में परिलक्षित होता है। ऐतिहासिक दृष्टि से उन्होंने जंगल, पहाड़, और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सामाजिक दृष्टिकोण से, उनकी सामूहिकता, समानता, और परस्पर सहयोग की भावना ने समाज को सुदृढ़ किया। जनजातीय समाज ने भारतीय संस्कृति में कला, संगीत, नृत्य, और शिल्प का अनमोल योगदान दिया है। आध्यात्मिक रूप से प्रकृति के साथ उनका गहरा संबंध है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके आदर्श आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका इतिहास संघर्ष, साहस और समर्पण का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है।

### भाषण, निबंध व परिचर्चा भी हुई

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी ओमप्रकाश मरकाम सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, सह संयोजक तोरण लाल साहू, कन्हैया साहू, प्रांजल मिश्रा, हरि साहू , भूतपूर्व छात्र आदर्श जोशी उपस्थित हुए। इस अवसर छात्रों के लिए विविध कार्यक्रम निबंध, भाषण, परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# जिला अस्पताल में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी, ब्लड बैंक में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट दिवस पर अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉक्टर स्वाति यदु की उपस्थिति में एमएलटी स्वास्थ्य कर्मचारी ने सूक्ष्म जीव विज्ञान के जनक एंटोनी ल्यूवेनहाक के चित्र में माल्यार्पण कर केक काटे और उक्त दिवस को यादगार के रूप में मनाते हुए एक दूसरे को शुभकामना संदेश दिए। एंटोनी ल्यूवेनहाक एक डच जीव वैज्ञानिक थे। इनका जन्म 24 अक्टूबर 1663 डेफल्ट नामक स्थान डच गणराज्य में हुआ था। इनकी मृत्यु 30 अगस्त 1723 में हुई। वे सूक्ष्म-जीव विज्ञान के जनक माने जाते हैं।

उनके सूक्ष्मदर्शी यंत्र ने जीव-विज्ञान की दुनिया में क्रांति ला दी थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ बेमेतरा जिला में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट द्वारा एंटोनी ल्यूवेनहाक के जन्म दिन को छत्तीसगढ़ में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट डे के रूप में 24 अक्टूबर से एमएलटी डे के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि चिकित्सा जगत में सूक्ष्मदर्शी यंत्र के आविष्कार के पश्चात रोगाणुओं की खोज में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई जिससे मानव समुदाय में होने वाली घातक बीमारी के कारकों की पहचान करने एवं रोगाणुओं की पहचान करने में अभूतपूर्व क्रांति आ गई जिसका असर आज के मेडिकल साइंस में दिखाई देता है। एंटोनी वान एक महान वैज्ञानिक हुए जिसको मानव समुदाय अनंत काल तक स्मरण करेगा आज मेडिकल साइंस में मेडिकल लेबोरेटरी जांच कितना महत्वपूर्ण स्थान रखता है इसकी भूमिका को हर कोई स्वीकार करते हैं आज जब पूरे विश्व में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पूरे विश्व में महामारी का प्रकोप उच्चतम स्तर पर थी उस परिस्थिति में वायरोलॉजी लैब माइक्रोबायोलॉजी लैब बायोकेमिस्ट्री, हिमेटोलॉजी लैब की भूमिका महत्वपूर्ण रही है पूरे देश में कोरोना संदिग्ध मरीजों के सैंपल कलेक्शन में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है स्वयं की जान को जोखिम में डालकर शासन के निर्देशानुसार मापदंड के तहत कोविड संक्रमित एवं संदिग्ध मरीजों का सैंपल कलेक्शन कर रहे थे वहीं दूसरी ओर आरटी पीसीआर लैब में संपेलों का आर एन ए एक्सट्रेशन जांच में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी मार्च 2020 से लेकर 24 घंटे दिन रात एक किए हुए लगातार कार्य किए ऐसी परिस्थिति में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी की भूमिका और उसकी महत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है अतः मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी साथियों को अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य निर्वहन को ध्यान में रखते हुए एंटोनी ल्यूवे हाक के जन्मदिन को बड़े सम्मान के साथ 24 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस महान वैज्ञानिक को स्मरण करते हुए सभी चिकित्सा जगत के एमएलटी को एमएलटी डे की शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर जिला अस्पताल के सभी एमएलटी उपस्थित रहे जिन्हे सीएमएचओ डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के साथ समस्त चिकित्सक स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरा सक्रिय सदस्यता का फार्म

**देवकर।** भारतीय जनता पार्टी परपोड़ी मण्डल सहित आसपास के ग्रामो से आये भाजपा के कार्यकर्ताओ ने मंडल कार्यालय पहुंचकर अपनी सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भरा। बता दें कि पूरे प्रदेश भर मे भाजपा ने पार्टी कार्यकर्ता बनाने का अभियान चलाया था। प्राथमिक सदस्यता के बाद सक्रिय सदस्य बनाना शुरू किया गया है। इसी अभियान के तहत भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों ने सक्रिय सदस्य बनने हेतु फॉर्म भरा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं साजा विधानसभा संयोजक नथमल कोठारी, परपोड़ी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, मंत्री सतीश जैन, कमलेश साहू, पूर्व एल्डरमैन नवीन ताम्रकार ,जिला सदस्य आर्थिक प्रकोष्ठ चंद्रशेखर साहू,जिला अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष रावल जैन,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमोद साहू,पूर्व पार्षद एवं एल्डरमैन संतूलाल देवांगन,पूर्व सासंद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी, पूर्व पार्षद बुधारू साहू, दिनेश कोठरी, अरशद कुरैशी,भूपेंद्र राजपूत, कुशल गोस्वामी,गोल्डी साहू,दिनेश साहू, धालू पटेल, मोहित निषाद, अजीत राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में देवरी स्कूल की छात्रा जान्हवी हुई शामिल

**बेमेतरा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एवं रूम टू रीड इंडिया छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हॉउस रायपुर में बीते बुधवार आयोजित हुआ। जिसमें पूरे राज्य के सभी जिलों से चयनित कक्षा पहली व दूसरी के बच्चे शामिल हुए। जिसमें बेमेतरा जिले के बेरला विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला देवरी से कक्षा दूसरी की छात्रा जान्हवी भी शामिल हुई।

विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे पठन अभ्यास ,कविता, आउटडोर गेम्स, पेंटिंग, कहानी वाचन, पुस्तक वाचन आदि में अपनी सहभागिता भी दी। जिसके लिए सभी बच्चों को रूम टू रेड एवं साइड द्वारा बहुत ही अच्छे-अच्छे गिफ्ट भी अतिथियों द्वारा दिए गए। राज्य स्तर का यह सम्पूर्ण आयोजन बहुत ही अच्छा और सफल रहा। जिसमें राज्य के विभिन्न स्थानों से आये सभी बच्चों को एक दूसरे से मिलकर उनके बारे में जानने व सीखने का अवसर भी मिला। आयोजन में बच्चों के साथ संस्था प्रमुख पूर्णिमा नेताम प्रधान पाठिका देवरी एवं सहयोगी के रूप में शिक्षक हारून अली व प्रदीप परगनिहा तथा बच्चों के पालक लोचन निषाद भी शामिल हुए। छात्रा जान्हवी एवं शाला परिवार देवरी को इस उपलब्धि के लिए विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर विभिन्न शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बधाई दी।




# दिव्यांग शिक्षक ईश्वरी ने कराया स्कूली बच्चों सहित 600 लोगों को न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला उघरा संकुल केंद्र बैजलपुर में स्कूल के दिव्यांग शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने न्योता भोजन के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों के रूप शिक्षक-पालक मेघा सम्मेलन व दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति दी।

- शासकीय स्कूल उघरा में शिक्षक - पालक सम्मेलन व दीपावली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष रीना मिथलेश वर्मा, ग्राम-पंचायत डुड़ा के सरपंच पार्वती मोहन वर्मा ने किया वही समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले सहायक संचालक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला उघरा, डूंडा, भिनपुरी के बच्चे बड़े उत्साहित होकर कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं हुए पंथी, सुवा ,करमा, शिक्षाप्रद हास्य नाटक, देशभक्ती गीत, कविता कहानी, रंगोली चित्र कला की मनमोहक प्रस्तुतियां प्रदर्शित किए। शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने वाद्ययंत्रों के साथ शानदार गीत की प्रस्तुती दी जो सराहनीय रहा। 600 लोगों ने न्योता भोजन ग्रहण किए, जिसमें दाल चावल, खीर पूड़ी, आचार पापड़, एवं अन्य व्यंजन प्रदाय किया गया। कार्यक्रम शामिल जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले सहित जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहां की ऐसा कार्यक्रम जो बहुचर्चित एवं सराहनीय रहा जो जिले अब तक पहला कार्यक्रम है। ऐसे आयोजन से बच्चों व पालकों में उसका का वातावरण बनाता है। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल कोदवा प्रभारी प्राचार्य बलदाऊ पटेल, संजय शर्मा प्राचार्य बैजलपुर, चैतराम सेन संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक राकेश कुमार रेड्डी, धनेश्वरी करभाल, तुकेश्वरी राजपुत, महेश कुमार वर्मा हरिश्चंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, कमलेश निषाद, टोमन साहू, सरिता मानिकपुरी, पुष्पा कन्नौजे, प्रभा पटेल, राजू सिंह देवांगन, राजेश देवांगन, ठाकुर राम जांगड़े, रूखमणि साहू, भगवती देवदास, चंद्रशेखर साहू, तीरथ राम वर्मा, कमल वर्मा, सरिता साहू, कचरी यादव, श्रवण गंधर्व, टिकेश्वरी वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छन्नी वर्मा सहायिका, अंजली साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, भुनेश्वरी वर्मा, अश्वनी -घृतलहरे, सुशील घृतलहरे, यश घृतलहरे, विनय घृतलहरे, शाला अध्यक्ष, राम सिंह वर्मा, भारत यादव, बिरझू वर्मा, मोहनसिंह वर्मा, जकलू सिंह वर्मा, गोपाल सिंह, कोटवार झुम्मन दास मानिकपुरी उपस्थित रहे।



**100 से अधिक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को भी देखा**

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया इसरो का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 10वीं से 12वीं के 100 से अधिक छात्रों ने हाल ही में वार्षिक शैक्षणिक यात्रा के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सतीश धवन स्पेस सेंटर श्रीहरिकोटा का दौरा किया। इसरो दौरे के साथ ही, छात्रों ने चेन्नई, पांडिचेरी और महाबलीपुरम जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की भी यात्रा की। जहां उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक वैज्ञानिक सोच का अनूठा संगम देखने को मिला। इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर के दौरे में छात्रों ने मिशन कंट्रोल सेंटर, लॉन्च पैड्स, व्हीकल असेंबली बिल्डिंग्स, और चंद्रयान मिशन की विस्तृत प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इस यात्रा के माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेट निर्माण, और मिशन नियंत्रण की जटिलताओं का गहन अनुभव प्राप्त हुआ, जिसने उनकी वैज्ञानिक सोच को नई दिशा दी। इसके अलावा, इस यात्रा में चेन्नई, पांडिचेरी, और महाबलीपुरम जैसे स्थानों का भ्रमण भी शामिल था। चेन्नई में छात्रों ने मरीना बीच और स्नेक पार्क का भ्रमण किया, जिससे उन्हें समुद्री जीवों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर मिला। पांडिचेरी में, फ्रांसीसी संस्कृति और वास्तुकला का अवलोकन कर छात्रों ने बहुराष्ट्रीय संस्कृति की जानकारी प्राप्त की।



वहीं, महाबलीपुरम में प्राचीन मंदिरों, शिल्पकला और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का भ्रमण कर उन्होंने भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को करीब से समझा। यह वार्षिक शैक्षणिक यात्रा प्रतिवर्ष स्कूल द्वारा आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य छात्रों को किताबों से बाहर निकलकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यात्राएं महत्वपूर्ण

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य पंकज जोशी ने कहा, ऐसी शैक्षणिक यात्राएँ छात्रों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। छात्र न केवल अकादमिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी समृद्ध बनें। इन स्थलों का दौरा कर वे विविधता और नवाचार के प्रति जागरूक बनते हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर स्कूल की संचालिका भावना बोहरा ने कहा, हमारे छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की यात्राएँ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसरो में जाकर उन्होंने वैज्ञानिक सोच को गहराई से समझा, जबकि चेन्नई, पांडिचेरी और महाबलीपुरम में जाकर उन्होंने संस्कृति, कला और प्रकृति का महत्व जाना। इस यात्रा के माध्यम से बच्चों ने दक्षिण भारत स्थित विभिन्न संस्कृति को देखा और समझा जो बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा।




By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांधा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411